10 राइस मिलर्स के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर आगामी सुनवाई तक कड़ी कार्रवाई करने पर रोक

# धान घोटाले की जांच रिपोर्ट पेश नहीं करने पर राज्य सरकार को फटकार

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने धान घोटाले की जांच रिपोर्ट पेश नहीं करने पर सरकार को फटकार लगाई। दरअसल, पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कलेक्टर को जांच रिपोर्ट पेश करने कहा था। रिपोर्ट पेश करने की बजाय सरकार की ओर से बताया गया कि जिला आपूर्ति अधिकारी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई प्रस्तावित की है। कलेक्टर ने इस संबंध में प्रदेश के मुख्य सचिव को मामला भेजा है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने जांच रिपोर्ट के अभाव में घोटाले में आरोपी बनाए गए 10 राइस मिलर्स के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर आगामी सुनवाई तक कोई कड़ी कार्रवाई करने पर रोक लगा दी।



कोर्ट ने कलेक्टर जबलपुर, पुलिस अधीक्षक व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जबलपुर निवासी राजेश हेमराजानी व अन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष दत्त व सिद्धार्थ कुमार शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर से 31 मार्च के बीच धान खरीदी के मामले में अनियमितता की शिकायत पर कमेटी ने जांच की थी। जांच के बाद 43 राइस मिलर को दोषी करार देते हुए एफआईआर दर्ज की गई थी। दलील दी गई कि याचिकाकर्ता व अन्य की सरकार के पास बैंक गारंटी जमा है। मिलर्स के कारण सरकार को किस तरह घाटा हुआ है, यह स्पष्ट नहीं है। इसलिए एफआईआर को चुनौती दी गई है।

## चिल्ड्रेन विथ स्पेशल नीड्स को योजनाओं का लाभ न मिलने के मामले में सरकार को मोहलत

जबलपुर। केंद्र व राज्य सरकार की ओर से उस जनहित याचिका पर बुधवार को जवाब पेश नहीं किया गया, जिसमें कहा गया है कि राज्य में चिल्ड्रेन विथ स्पेशल नीड्स को कानूनों, योजनाओं का क्यों लाभ नही मिल रहा है। 1995 से अब तक इनके लिए कई कानून बने, योजनाएं बनाई गईं। लेकिन सभी अब तक कागज पर हैं। हकीकत के धरातल पर न कोई कानून लागू है, ना ही योजना। केंद्र व राज्य सरकार के आग्रह पर चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने जवाब के लिए चार सप्ताह की मोहलत दे दी। अगली सुनवाई 22 अगस्त को होगी।यह जनहित याचिका तिलहरी, जबलपुर निवासी सौरभ सुब्बइया की ओर से दायर की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शिवेंद्र पांडे व अभिमन्यु चौहान कोर्ट को बताया कि चिल्ड्रेन विथ स्पेशल नीड्स के लिए 1995 से अब तक विकलांग व्यक्तियों का अधिकार अधिनियम, राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम आदि कानून बनाए गए हैं। लेकिन, इन कानूनों के अनिवार्य प्रावधानों के क्रियान्वयन में कोताही की जा रही है। तर्क दिया गया कि सरकार की सर्व शिक्षा अभियान योजना के तहत प्रत्येक स्कूल में विशेष बच्चों के लिए विशेष शिक्षकों की नियुक्ति तथा आवश्यक अधोसंरचना अनिवार्य है। परंतु जबलपुर के सभी प्रतिष्ठित विद्यालयों में यह सुविधा नदारद है। निजी स्कूलों में न तो आवश्यक अधोसंरचना है और न ही प्रशिक्षित विशेष शिक्षक हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि विद्यालय दिव्यांग बच्चों को प्रवेश देने में असमर्थ हैं, जबकि इसके विपरीत कानून में इन बच्चों को प्रवेश देने की अनिवार्यता है।

## भाजपा विधायक के भतीजे राहुल रोहाणी सहित अन्य के विरुद्ध पथराव मामले में लिया संज्ञान

विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट डीपी सूत्रकार की अदालत ने परिवादी के कार्यालय में पथराव के मामले में भाजपा विधायक अशोक रोहाणी के भतीजे जबलपुर निवासी राहुल रोहाणी, प्रिंस जैन, सत्या पांडे, अयूब खान व प्रदीप ठाकुर के विरुद्ध संज्ञान लिया है। सभी को 23 अगस्त को हाजिर होने के निर्देश दिए गए हैं।परिवादी जितेंद्र माखीजा का आरोप है कि 16 व 17 जनवरी, 2025 की दरमियानी रात साढ़े 12 बजे उसकी दुकान नंबर-सात, कचनार संभाग, नेपियर टाउन पर पथराव किया गया। प्रिंस जैन व अन्य गमछा लगाकर गाली-गलौच कर रहे थे। इस दौरान राहुल रोहाणी कार में बैठा निर्देश दे रहा था। सीसीटीवी कैमरे में सब रिकार्ड हो गया। मामले की शिकायत के बावजूद पुलिस ठोस कार्रवाई नहीं कर रही। इसीलिए अदालत आना पड़ा। परिवादी की ओर से अधिवक्ता ललित कोटवानी, कार्तिक नामदेव, पीयूष मूलचंदानी व शिवा चौबे ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को अवगत कराया कि पथराव में परिवादी के कार्यालय को काफी नुकसान हुआ। आलम यह है कि अवैध सिंधी ट्रस्ट का गठन करने के विरुद्ध आवाज उठाए जाने के बाद से परिवादी पर तरह-तरह से हमले किए जा रहे हैं। उसकी रेकी की जाती है। झूठा प्रकरण दर्ज कराकर जेल पहुंचाया गया। जेल से छूटने पर माब लिंचिंग की गई।

# मिलावटी डीजल पेट्रोल से खराब हो रहे वाहन

## पम्पों में जांच के इलेक्ट्रानिक उपकरण नहीं हें उपलब्ध

**जबलपुर।** शहर के पेट्रोल पम्पों में मिलावटी डीजल पेट्रोल बेचा जा रहा है. पेट्रोल पम्प मालिकों और अधिकारियों के गठजोड़ के कारण मिलावट पर न तो कोई कार्यवाही हो रही है और न उपभोक्ताओं को जागरुक किया जा रहा है. नियमानुसार पम्पों पर रासायनिक किट या इलेक्ट्रानिक उपकरणों की उपलब्धता आवश्यक है, लेकिन इसकी अनदेखी की जा रही है. इस आशय की जानकारी देते हुये नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के प्रांताध्यक्ष डॉक्टर पीजी नाजपांडे ने बताया कि नेफ्था तथा हेक्जेन बना हुआ सालवेंट सस्ता होने के कारण पेट्रोल में मिलाया जा रहा है. पेट्रोल की डेंसिटी 0.760 तथा नेफ्था की डेंसिटी 0.725 होने कारण दोनों में ज्यादा फर्क नहीं है. लिहाजा इसे बारीकी से जांचना पड़ता है. तकनीकी रूप से डेंसिटी में प्लस एवं माईनस 0.0030 से ज्यादा अंतर दिखता है तो पेट्रोल की शुध्ता संदेह में मानी जाएगी. नाजपांडे आगे बताया की पेट्रोल का फ्लेग प्वाइंट माईनस 20 डिग्री है, तथा नेफ्था का फ्लेग प्वाइंट -15 डिग्री है. लिहाजा सालवेंट से चलने वाले वाहनों को अतिरिक्त उष्णता निर्माण की जरूरत पड़ती है. जिससे वाहन खराब हो रहे है. डीजल की डेंसिटी 0.88 केरोसीन की डेंसिटी 0.81 है. क्योंकि फ्लेस प्वाइंट में तीन से चार डिग्री का अंतर होने के कारण डीजल में केरोसीन की मिलावट की जा रही है. जिससे वाहन खराब हो रहे हैं.

### विभिन्न संगठनों ने की आंदोलन की घोषणा

डीजल पेट्रोल में मिलावट के खिलाफ पेट्रोल पंप संचालकों एवं अधिकारियों की सांठगांठ को उजागर करने नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन, सीनिनयर सिटिजन वेलफेयर एसोसिएशन, महीला समीती पेंशनर समाज आदि संगठनों ने आंदोलन की घोषणा की है. आंदोलन की रणनीति के लिये जल्द ही एक बैठक आयोजित की जाएगी।



# कोविड में राहत के बाद भी नहीं चुकाया बिजली बिल

## 7 हजार 151 उपभोक्ताओं के मीटर उखाड़े

**जबलपुर ।** कोविड-19 महामारी के दौरान आर्थिक संकट से जूझ रहे उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मई 2020 से अगस्त 2023 तक बिजली बिल भुगतान में अस्थायी छूट दी गई थी। इस राहत योजना के अंतर्गत हजारों उपभोक्ताओं के बिजली बिल स्थगित किए गए थे, ताकि वे उस कठिन समय में बिना आर्थिक दबाव के अपनी बुनियादी जरूरतें पूरी कर सकें।हालांकि, राहत अवधि समाप्त होने के बाद भी हजारों उपभोक्ताओं ने अपने बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया। कुछ उपभोक्ताओं ने इसे स्थायी छूट समझकर 'लाइफ टाइम फ्री' जैसा मान लिया और करीब दो वर्षों से एक भी रुपये का भुगतान नहीं किया। इस गैर-जवाबदेही के चलते अब पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सिटी सर्कल के पांचों संभागों में ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी है।मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की सिटी सर्कल की जूनियर इंजीनियर शिवानी मिश्रा ने जानकारी दी कि बुधवार से जबलपुर शहर के पाँचों संभागों में अभियान चलाया जा रहा है। कई उपभोक्ताओं को पहले नोटिस जारी कर बिल चुकाने के लिए चेताया गया था, लेकिन फिर भी अधिकांश ने भुगतान नहीं किया। अब इन बकायेदारों के कनेक्शन काटे जा रहे हैं।

### 81 हजार बकायादारों पर कार्रवाई की तैयारी

अधीक्षण यंत्री (एसई) संजय अरोड़ा ने बताया कि कोविड राहत अवधि के दौरान 24.93 करोड़ रुपये की राशि स्थगित की गई थी। लेकिन आज की तारीख में 7 हजार 151 उपभोक्ताओं ने अक्टूबर 2023 से अब तक एक रुपए भी भुगतान नहीं किया है। इनमें से अधिकांश घरेलू उपभोक्ता हैं, जिन पर बुधवार को बड़ी कार्रवाई की गई। विद्युत वितरण कंपनी की टीमों ने बुधवार को घर-घर जाकर बकायेदार उपभोक्ताओं के मीटर निकाल दिए और कनेक्शन पूरी तरह से विच्छेद कर दिए। इतना ही नहीं, 81 हजार 201 अन्य उपभोक्ता भी ऐसे हैं जिन पर बिल बकाया है। इन पर भी विद्युत विभाग आने वाले दिनों में सख्त कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

# शहपुरा में पेट्रोल टैंकर से अवैध कटिंग, चालक गिरफ्तार

**पेट्रोल, डीजल समेत टैंकर, सैंट्रो कार और उपकरण जब्त, दो आरोपी फरार**





हरिभूमि, जबलपुर।

शहपुरा थाना क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल की अवैध कटिंग कर कालाबाजारी की जा रही है। यह जानकारी मिलने पर पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने एएसपी सिटी आनंद कलादगी को तस्दीक व कार्रवाई के निर्देश दिए। पुख्ता सूचना मिलने पर मंगलवार देर रात धनवंतरी नगर चौकी प्रभारी एसआई दिनेश गौतम के नेतृत्व में पुलिस लाइन व शहपुरा थाना टीम द्वारा सीतासरोवर ढाबा के पास दबिश दी गई। ढाबे के पास लोहे के गेट के भीतर खड़े टैंकर से दो लोग पेट्रोल निकालते दिखे। पुलिस को देख दोनों खेतों की ओर भाग गए।

### प्रस्ताव मिलने पर हुआ तैयार

मौके से पकड़े गए टैंकर चालक 50 वर्षीय अशोक यादव निवासी मुख्तियार गंज सतना ने बताया कि वह एचपीसीएल डिपो, शहपुरा से 14 हजार लीटर पेट्रोल लेकर जा रहा था। रास्ते में अज्ञात व्यक्तियों ने पेट्रोल बेचने का प्रस्ताव दिया, जिस पर वह तैयार हो गया। पुलिस के आने से पहले वे लोग लगभग 120 लीटर पेट्रोल निकाल चुके थे।

### टैंकर, कार समेत सामग्री जब्त-

एसआई गौतम ने बताया कि मौके से 13 कैन में रखा 650 लीटर पेट्रोल, 160 लीटर डीजल से भरे चार कैन, टैंकर क्रमांक एमपी 19 एचए 7417, सैंट्रो कार क्रमांक एमपी 04 वी 9300, तेल मापक यंत्र, चुंगी, चार बाल्टियाँ, दो सटक, 11 खाली कैन जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 287, 3(5) बीएनएस, 3/7 ईसी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

कार्रवाई में चौकी प्रभारी एसआई दिनेश गौतम, प्रधान आरक्षक शिवशंकर द्विवेदी, आरक्षक शफीक, दशरथ, प्रमोद पटेल, गोविंद की सराहनीय भूमिका रही।

# सूने मकान से जेवर-नगदी चुराने वाला नकबजन गिरफ्तार

**-बेलखाडू चौकी की कार्रवाई में चुराए गए सोने के जेवर और 13 हजार 800 नगद बरामद,**

हरिभूमि, जबलपुर।

बेलखाडू चौकी अंतर्गत ग्राम बघौड़ा में हुई नकबजनी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चुराए गए सोने के जेवरात और 13 हजार 800 रुपये नगद जब्त किए हैं। बेलखाडू चौकी प्रभारी एसआई राजेश धुर्वे ने बताया कि ग्राम बघौड़ा निवासी मानसी बर्मन ने 22 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 जुलाई की रात अज्ञात चोर उसके घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर और 40 हजार नगद ले गया। स्वास्थ्य खराब होने के कारण शिकायत देर से की गई। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 19 वर्षीय बारे लाल बर्मन निवासी बघोड़ी को पकड़ा। पूछताछ में उसने एक साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना कबूल किया। आरोपी के पास से सोने की दो चैन, एक अंगूठी, एक पांचाली और 13 हजार 800 नगद बरामद किए गए। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक महेश पांडे, आरक्षक रूपेश, गगन, और अखण्ड प्रताप सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## रेलवे ट्रैक पर अज्ञात युवक की संदिग्ध मौत

**हरिभूमि, जबलपुर।** चौकी धनवंतरी नगर अंतर्गत अंधुआ ब्रिज के पास बुधवार तड़के करीब 3:00 बजे एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। ट्रेन के लोको पायलट ने घटना की जानकारी रेलवे कंट्रोल के माध्यम से पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी एसआई दिनेश गौतम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मर्ग पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को मेडिकल अस्पताल भिजवाया। युवक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष बताई जा रही है, लेकिन पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने पहचान के प्रयास प्रारंभ कर दिए हैं और सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से तलाश जारी है। प्रभारी दिनेश गौतम ने आमजन से अपील की है कि युवक के बारे में जानकारी होने पर चौकी से संपर्क करें।

## जबलपुर पुलिस का मानवीय चेहरा...

# गुम मोबाइल पाकर खिल उठे मुरझाए चेहरे





**26 लाख के 151 मोबाइल बरामद, सायबर फ्रॉड में 85 लाख का रिफंड भी दिलाया**

हरिभूमि, जबलपुर।

गुम हुए मोबाइल की वापसी सिर्फ एक डिवाइस नहीं, एक उम्मीद की वापसी होती है यही साबित किया जबलपुर पुलिस ने। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में सायबर सेल द्वारा 151 गुम मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को लौटाए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 26 लाख है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कप्तान उपाध्याय ने एएसपी सिटी/क्राइम आनंद कलादगी व एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा की उपस्थिति में मोबाइल धारकों को उनके फोन सौंपे गए। जिन्हें पाकर धारकों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई।

### जनवरी से अब तक की बड़ी उपलब्धि-

इसके साथ ही सायबर सेल द्वारा 2025 में 85 लाख रुपये की राशि सायबर ठगी के शिकार पीड़ितों को रिफंड/होल्ड कराई गई, जो एक बड़ी उपलब्धि है।

### 19 संस्थानों में चलाया जागरूकता अभियान

सायबर जागरूकता को लेकर भी जबलपुर पुलिस सजग है। वर्ष 2025 में 19 संस्थानों (स्कूल-कॉलेज सहित) में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर हजारों नागरिकों और छात्रों को सायबर अपराध से बचाव के उपाय बताए गए।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्यवाही में डीएसपी क्राइम उदयभान सिंह बागरी, टीआई क्राइम शैलेष मिश्रा व सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक भूपेन्द्र आर्मो का मार्गदर्शन रहा। तकनीकी टीम में एसआई नीरज सिंह नेगी, कपूर सिंह मरावी सहित अन्य आरक्षकों और महिला कर्मियों का योगदान भी सराहनीय रहा।

## कलेक्टर का बड़ा फैसला, सुरक्षा को लेकर सख्त आदेश जारी

# ई-रिक्शा से स्कूली बच्चों के परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध

जबलपुर।

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जबलपुर जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने एक अहम आदेश जारी करते हुए ई-रिक्शा से स्कूली बच्चों के परिवहन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया गया है और इसके उल्लंघन पर संबंधित स्कूल प्रबंधन, ई-रिक्शा चालक एवं संचालकों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

जारी आदेश में कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि यह फैसला माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत लिया गया है। कलेक्टर द्वारा जारीआदेश में कहा गया है कि सड़क सुरक्षा समिति, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की रिपोर्ट्स में यह पाया गया कि ई-रिक्शा में स्कूली बच्चों को तय क्षमता से कई गुना अधिक बैठाया जा रहा है। इससे उनकी जान को गंभीर खतरा है।

प्रशासन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि ई-रिक्शा में बैठने की सीमित क्षमता होती है, इसके बावजूद 8-10 बच्चों को बैठाया जाता है। अधिक भार और असंतुलन से ई-रिक्शा के पलटने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। कई ई-रिक्शा बिना पंजीयन या फिटनेस प्रमाण पत्र के संचालित हो रहे हैं। दुर्घटना की स्थिति में बच्चों की जान को गंभीर खतरा है और अधिकांश मामलों में ई-रिक्शा में सुरक्षा से जुड़े कोई उपाय नहीं होते।


कलेक्टर ने कहा कि छोटे बच्चों के लिए सुरक्षित परिवहन व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन से अपील की है कि वे ई-रिक्शा से बच्चों को लाने-ले जाने की सुविधा तुरंत बंद करें और परिवहन के लिए वैध, सुरक्षित और लाइसेंसशुदा वाहनों का ही प्रयोग करें। साथ ही, स्कूल प्रबंधन से कहा गया है कि वे अभिभावकों को भी इस आदेश की जानकारी दें।

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस आदेश का पूर्ण रूप से पालन करें और अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए केवल मान्यता प्राप्त परिवहन व्यवस्था का ही प्रयोग करें। यदि किसी क्षेत्र में आदेश का उल्लंघन होता है तो तत्काल संबंधित पुलिस थाने या जिला प्रशासन को सूचना दें।

# सेंट ज़ेवियर हाई स्कूल शांति नगर के छात्रों ने इंटर्नशिप कार्यक्रम में भाग लिया

हरिभूमि जबलपुर।

सेंट ज़ेवियर हाई स्कूल, शांति नगर के कक्षा 11वीं के छात्रों ने हरिभूमि प्रेस में इंटर्नशिप कार्यक्रम में सफलतापूर्वक भाग लिया, जहाँ उन्होंने समाचार संपादन और प्रकाशन की सामान्य कार्यप्रणाली की गहन जानकारी प्राप्त की। इंटर्नशिप के दौरान छात्रों को समाचार पत्र निर्माण की विभिन्न विधाओं जैसे संपादन, लेखन और डिज़ाइन के बारे में सीखने का अवसर मिला। इस अनुभव ने उन्हें समाचार पत्र उद्योग की गहरी समझ दी और ऐसे मूल्यवान कौशल विकसित करने में मदद की जो उनके भविष्य के प्रयासों में सहायक सिद्ध होंगे। छात्रों के साथ शिक्षक प्रभारी सुश्री नववाल अंसारी मौजूद रहीं। यह गतिविधि माननीय चेयरमैन सर डॉ. ए. एफ. पिंटो के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। यह इंटर्नशिप अनुभव छात्रों को पत्रकारिता के क्षेत्र में अपने जुनून और रुचियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा।










थानों से स्कूलों तक चला नशा मुक्ति का अभियान, शपथ, रैली और जागरूकता रथ ने बांधा समा

# "नशे से दूरी, है जरूरी" जनजागरण की गूंज



हरिभूमि, जबलपुर।

प्रदेशव्यापी नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जबलपुर में पुलिस द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, थानों और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में बुधवार को पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय बेलबाग थाना पहुंचे और परिसर में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एएसपी आनंद कलादगी, सीएसपी ओमती सोनू कुर्मी, टीआई बेलबाग राजकुमार खटीक मौजूद रहे।

### विद्यालयों में शपथ एवं रैली

जिले के सभी थानों द्वारा स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों और शिक्षकों को शपथ दिलाई गई। प्रमुख संस्थानों में क्राइस्ट चर्च स्कूल, मॉडल हाई स्कूल, एमएलबी, हितकारिणी स्कूल, सेंट अलॉयसियस, लियोनार्ड, गुरुकुल कान्वेंट, सीएम राइस, माउंटेन हाइट, बालाजी स्कूल, रॉयल स्कूल, स्मॉल वंडर्स, सरस्वती हायर सेकेंडरी, केंद्रीय विद्यालय जीसीएफ, शासकीय स्कूल गोसलपुर, नवीन कैंट स्कूल, आदि शामिल रहे।

### रैली एवं जागरूकता रथ

डीएसपी यातायात संतोष शुक्ला, रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य, टीआई ओमती राजपाल सिंह बघेल के नेतृत्व में क्राइस्ट चर्च स्कूल से रैली निकाली गई। मॉडल हाई स्कूल से निकली रैली एसपी कार्यालय पर समाप्त हुई। गौरतलब हैं कि कप्तान उपाध्याय द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था जो शहरभर में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक कर रहा है।




**हनुमानताल तालाब का 1 करोड़ 60 लाख की लागत कराया जा रहा उन्नयन**

# हनुमानताल तालाब का सौंदर्यीकरण एवं सफाई की उपेक्षा पर किया प्रदर्शन





हरिभूमि जबलपुर।

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा एवं कांग्रेस नेता मिंटू पांडे ने अपने बताया कि हनुमानताल तालाब का उन्नयन 1 करोड़ 60 लाख की लागत से अमृत योजना के फंड से कराया जा रहा है, जिसका समय सीमा लगभग 9 माह है बारिश के कार्यकाल को मिलाकर लेकिन बारिश के पहले जो तालाब की सिल्ट को पूरी तरह निकाल कर बाहर करना था उसमें 25 प्रतिशत ही सिल्ट को साफ किया गया है पूरी सिल्ट आज भी तालाब में जमी हुई है तालाब के आसपास कहीं पर भी तालाब को विकसित करने के लिए कोई भी कार्य नहीं किया गया।

कांग्रेस पार्षद दल द्वारा भाजपा की नगर सत्ता में लगातार निर्माण कार्यों में हो रहे हैं भ्रष्टाचार के क्रम में हनुमानताल तालाब का निरीक्षण करते हुए प्रदर्शन किया मौके पर देखा गया कि पूरे तालाब में चारो ओर बड़ी-बड़ी गाजर घास उगी हुई है पूरी सिल्ट अंदर भरी हुई है क्षेत्रीय लोगों का कहना है की सिल्ट को किसी तरह साफ करके बाहर निकाला गया और बारिश में पूरी सिल्ट वापस तालाब में बह गई कांग्रेस पार्षद दल ने आरोप लगाते हुए कहां है की महापौर और क्षेत्रीय विधायक की आपस की लड़ाई में हनुमानताल तालाब उपेक्षित हो रहा है वही नगर सत्ता के राज में व्याप्त भ्रष्टाचार के क्रम में अधिकारी और सत्ता पक्ष के नेता अपनी जेब भरने के लिए हनुमानताल तालाब सफाई और उन्नयन कार्य में खानापूर्ति कर रहे हैं जिसको कांग्रेस पार्षद दल किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। आयोजित विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उप नेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी, पार्षद गुलाम हुसैन, पार्षद हर्षित यादव, पार्षद श्रीमती लक्ष्मी लक्ष्मण गोटिया, मिंटू पांडे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनुराग गढ़वाल, सतीश तिवारी, गुड्डू चौबे, सुरेंद्र तिवारी, रवि सोनकर, दिलीप साहू, रज्जू सराफ, रोहित नेमा, मंकू चौधरी, रोमिल सराफ, अनुपम सराफ, नीलेश जैन, सीटू अग्रवाल, गंगा सेन, राजा सोनी, रिशु सराफ, आलोक सराफ, रोहित सराफ, आलोक सोनी, मोहित राठौर, अंकित अग्रवाल, शुभम नामदेव, आकाश सोनी, सोनू कुकरेले, राजा रैकवार, शाहिद एवं अनेक क्षेत्रीय जन उपस्थित थे।

# नागपुर उर्स हेतु ट्रेन में अतिरिक्त कोच लगाने मुविप ने डीआरएम को दिया ज्ञापन

**जबलपुर**। नागपुर (महाराष्ट्र) स्थित विश्व प्रसिद्ध दरगाह हजरत ताजुद्दीन औलिया बाबा का उर्स प्रारम्भ हो रहा है। जबलपुर संभाग से श्रद्धालुजन हजारो की संख्या में उर्स में शामिल होने नागपुर जाते हैं। इस हेतु मप्र मुस्लिम विकास परिषद के जिला मीडिया प्रभारी हाशिम खान (राजा) के नेतृत्व में एक ज्ञापन पश्चिम मध्य रेल्वे के डीआरएम को सौपा गया। ज्ञापन में मप्र मुस्लिम विकास परिषद मांग की है कि श्रद्धालुओं की अपार भीड़ को देखते हुये आगामी 20 से 25 जुलाई तक नागपुर-अमरावती तथा शहडोल-नागपुर ट्रेन के चलने का समय 2 घंटे बढ़ाकर चलाई जाये, साथ ही भारी भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए दोनो ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाये जाने की मांग की। इस अवसर पर पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता टीकाराम कोष्टा, मामूर गुड्डू, परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, पत्रकार अशफाक आरिफ, शेख इश्तियाक अंसारी, फैजान कुरैशी, इरफान कुरैशी, गुलाम साबरी, जावेद मिर्जा, मेहताब अली, इस्लाम अली, शाहिद परवेज कुरैशी, सलीम खान, तारिक क़ुरैशी, अशरफ कुरैशी, मुज्जफर कुरैशी, मो. ख्वाजा मदीन, अहमद रज़ा, नोशाद खलीफा, रिफत जमीर, आसिफ खान, लियाकत जावेद, रियाज राइन किंग्डस, अय्यूब अंसारी, मुख्तार मंसूरी, एड. अकबर उस्मानी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# नशे से दूरी है जरूरी अभियान के विषय पर व्याख्यान आयोजित



**मझौली**। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार बुधवार को शासकीय महाविद्यालय मझौली में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के विषय पर व्याख्यान भी हुआ, विद्वानों ने छात्र-छात्राओं को नशे से दूरी बनाते हुए जागरूकता अभियान चलाने की बात की। इस विषय पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर तनुज चमोली ने नशे से दूरी बनाते हुए जीवन को कैसे बेहतर बनाया जाए पर अपना व्याख्यान दिए,वक्ता के रूप में डॉ भजन लाल प्रधान सहायक प्राध्यापक ने नशे से परिवार में होने वाले दुष्प्रभावों का विस्तार पर छात्र-छात्राओं को विस्तार सेअवगत कराया साथ ही जीवन में हमेशा जागरूक रहते हुए उन्नति के शिखर में पहुंचने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम का संचालन व आभार महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी डॉक्टर आमोद कस्तवार द्वारा किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय के गौरीकांत मिश्रा लाइब्रेरियन, डॉ शालिनी यादव, क्रीड़ाधिकारी, समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी।

**विद्या वाचस्पति डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की उपाधि से किया गया सम्मान**

# पंडित प्रेमदास रामायणी बैरागी द्वारा रचित अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मोदी चरित्रम का हरिद्वार के भव्य कार्यक्रम में हुआ विमोचन

बरेला। देश के प्रख्यात साहित्यिक पत्रिका ,कहानिका द्वारा हरिद्वार उत्तराखंड में विगत दिवस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें भारत देश की जानी मानी हस्तियों ने भाग लिया ।इस ऐतिहासिक मंच में मध्य प्रदेश जबलपुर से महामहिम राष्ट्रपति से सम्मानित एवं स्वर्ण पदक प्राप्त शिक्षक पंडित प्रेमदास रामायणी बेरागी द्वारा लिखित एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मोदी चरित्रम का रामायणी शैली में विमोचन किया गया। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित खंड काव्य में इनके 11 वर्षीय सुशासन का बखान किया गया। श्री बेरागी जी की श्रेष्ठ साहित्य सेवा एवं हिंदी भाषा में रचनात्मक एवं सर्जनात्मक योगदान के लिए इस मंच से काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा विद्या वाचस्पति डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की उपाधि से विभूषित किया गया ।साथ ही इन्हें कहानिका पत्रिका झारखंड बोकारो द्वारा काव्य रत्न से अलंकृत किया गया। उक्त ऐतिहासिक कार्यक्रम उत्तराखंड की देवभूमि हरिद्वार के हरीगंगा धाम में संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता हरिद्वार नगर निगम की महापौर श्रीमती किरण जैसल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी के कुलाधिपति डॉक्टर ओम प्रकाश पांडे, कुल सचिव इंद्रजीत निर्भीक तिवारी तथा कहानिका पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ श्याम कुंवर भारती उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए डॉक्टर भारती ने कहा कि जबलपुर मध्य प्रदेश से पधारे पंडित प्रेमदास रामायणी बैरागी एक उत्कृष्ट आश कवि हैं इस मंच पर श्रेष्ठतम प्रदर्शन देखते हुए हमारी संस्था नेपाल की राजधानी काठमांडू में 11 अगस्त 2025 को होने वाली अंतरराष्ट्रीय महाकवि सम्मेलन में आपका चयन करती है। साथ ही आपको इसी मंच पर काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी उत्तर प्रदेश द्वारा विद्यासागर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।




# आमजन का भाजपा के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ : विधायक संतोष बरकडे

**सिहोरा**। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा हर वर्ग के लिए प्रारम्भ की गई दर्जनों योजनाओं से सभी वर्ग का विश्वास भारतीय जनता के प्रति और मजबूत हुआ है जिससे यह जन जन की पार्टी बन गई है उक्ताशय के विचार विधायक संतोष बरकडे ने पार्टी के सिहोरा विधानसभा के रेस्ट हाउस में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के बीच मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए। आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे, जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। आगे कहा कि भाजपा सरकार पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को भी अपनी योजनाओं से लाभान्वित कर रही है कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी है जिनके सहयोग से केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर विकास के नये नये आयाम स्थापित कर रही है। सभी अतिथियों का कार्यकर्ताओं ने बड़ी माला से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजा मोर,वरिष्ठ नेत्री अंजना सराफ,सत्यप्रकाश खरे,अरुण जैन,शिशिर पांडे,जिला महामंत्री राजेश दाहिया,जिला उपाध्यक्ष पुष्प राज सिंह बघेल,अनुपम सराफ,भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल,अंकित तिवारी,मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल,नीलू बाजपेयी ,माधव मिश्रा,विनय जैन,नीरज पांडे,के के दुबे ,विजय श्रीपाल,पवन गुप्ता,अनंत नौगरहिया, पार्षद बेबी विनय पाल,सारिका साहू,रत्नेश दुबे,सोनू मिश्रा,छोटू पांडे,वीशू जैन,मयंक जैन आदि उपस्थित थे।



## डीपीसी ने किया स्कूलों का निरीक्षण

**बरगी**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगी नगर अधीनस्थ स्कूलों का निरीक्षण जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा बीआरसीसी केशव दुबे एवम संकुल प्राचार्य श्रीकिशन रायखेरे टीम द्वारा किया गया जहां छात्र छात्राओं की शैक्षिक जांचगुणवत्ता की गई एवं शिक्षकों को शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने होती दिशा निर्देश दिए गए साथ ही परिक्षेत्र पर क्षतिग्रस्त शालाओं का भी योगेश शर्मा द्वारा मुयाना किया गया ग्राम कटौतियां पर नाव के माध्यम से मंडला बॉर्डर स्थित स्कूल का निरीक्षण हुआ जहां जर्जर स्थिति पर भवन को बनाने हेतु प्रस्तावना रखी गई गौरतलब है कि, ग्राम कठौतिया में जाने का केवल नाव का सहारा है जिससे शाला गमन करना होता है प्राचार्य श्री रायखेरे ने बताया कि, काफी लंबे अरसे से ग्रामीणों व जनप्रतिनिधि की मांग के चलते यह भ्रमण करके शाला भवन का मरमत का कार्य किया जाना है। इस मौके डीपीसी योगेश शर्मा, बीआरसीसी केशव दुबे, प्राचार्य श्रीकिशन रायखेरे, बीएसी रत्नेश मिश्रा, सीएसी संतोष मिश्रा, जनपद सदस्य दयावती किशोर यादव सहित क्षेत्रीय सरपंच व अन्य



## साप्ताहिक बाजार में दुकान लगाने वाले व्यापारी नगर प्रशासन से परेशान

**पाटन**। बाजार को गुलजार बनाने के लिए नगर परिषद द्वारा व्यापारियों को बाजार में दुकान लगाने हेतु साप्ताहिक बुधवार को लगाने के लिए दल बल के साथ दुकान लगाई। गत सप्ताह बाजार में कीचड़ एवं व्यवस्था में समाचार प्रकाशित किया। शायद संबंधित नगर परिषद के सी एम ओ साहिबा के ऊपर कोई असर दिखाई नहीं दिया संबंध व्यापारी टेंट हाउस से टेबल किराए पर लेकर जैसे तैसे अपनी दुकान का संचालन करते हैं। अब नया मामला प्रकाश में आया बुधवार साप्ताहिक बाजार के दिन अस्पताल तक शाम को 6 बजे व्यापारी अपनी दुकान लगाकर बैठ जाते हैं जिस कारण से ग्राहक बाजार तक नहीं पहुंच पाए और वहां बैठे व्यापारी अपना हाथ मलते रह जाते हैं। पूरा कारोबार शाम को कमानिया गेट से लेकर अस्पताल तक पहुंच जाता है जिससे व्यापारियों में भारी आक्रोश है।



## नशा मुक्ति अभियान की ली शपथ




**बरगी**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में स्कूल पर नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम हुआ। जिस पर बरगी चौकी प्रभारी द्वारा नशा से दूर रहने के विभिन्न तरीके बताए। प्राचार्य द्वारा नशा से होने वाले दुष्परिणाम के संबंध में अवगत कराया, साथ ही समाज में नशे को दूर करने वाले तरीके बताए। वक्ताओं द्वारा अपने उद्बोधन दिए गए इसके बाद पुलिस चौकी प्रभारी द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई व वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर सरिता पटेल चौकी प्रभारी, श्रीकिशन रायखेरे प्राचार्य, राजकुमार नेमा, विपिन विश्वकर्मा संकुल समन्वयक , सुषमा मलगाम, एग्नाशी मरकाम, रघुवेन्द्र प्रताप तिवारी, सत्येंद्र जैन, सुखराम काकुड़िया, त्रिभुवन विश्वकर्मा, श्रध्दा दीक्षित, नेहा पेठिया, ललिता तिवारी, समस्त शाला स्टाफ सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

**श्री गयाराम यादव**- अनुराधा कॉलोनी वाटर वर्क्स रोड निवासी श्री गयाराम यादव (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुदीप रैकवार**- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री सोनी लाल रैकवार के पुत्र श्री सुदीप रैकवार (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कमल कुशवाहा**- संजय गांधी नगर टीवी टावर के पास कटंगा निवासी श्री कमल कुशवाहा (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अर्चना कश्यप**- उपरैनगंज निवासी श्री रिंकू कश्यप की धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना कश्यप (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती निम्मी सोनकर**- भरतीपुर शिव मंदिर के पास निवासी श्री देवी सिंह सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती निम्मी सोनकर (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मानिक लाल कोरी**- अमन नगर कुदवारी अमखेरा निवासी श्री मानिक लाल कोरी (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सीता जाटव**-




बेलबाग टोरिया निवासी श्री लीलाधर जाटव की धर्मपत्नी श्रीमती सीता जाटव (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुखबरिया**- संजय गांधी वार्ड कांचघर दुर्गा मंदिर के पास निवासी श्री राम दास की धर्मपत्नी श्रीमती सुखबरिया (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशोर कमल**- तीस बैरक पूर्व शीला टाकीज कम्पाउंड के पास निवासी श्री किशोर कमल (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा बाई**- श्याम नगर महाराजपुर निवासी श्री रामदीन की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा बाई (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय कुमार श्रीवास्तव**- तिलहरी निवासी श्री विजय कुमार श्रीवास्तव (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री नीरज पटेल**- अधारताल सुराही बिल्डिंग के पास निवासी श्री सुंदर लाल पटेल के पुत्र श्री नीरज पटेल (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
फिक्स साइज:- सें.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- सें.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज सें मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

**खबर संक्षेप**

### जमीनी विवाद पर परिवार दो पक्षों में मारपीट

**अनूपपुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 5 पुरानी बस्ती में एक ही परिवार के लोगों द्वारा जमीनी विवाद पर अभद्रता करते हुए मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। जमीन सीमांकन के दौरान हुए विवाद पर कमलेश मिश्रा की पुत्री आंचल मिश्रा एवं उसकी छोटी बहन से मारपीट किए जाने की शिकायत पर राजेंद्र मिश्रा, मुन्नी बाई एवं सपना के खिलाफ विवेचना कार्यवाही की गई है। बताया जाता है कि मंगलवार को राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में जमीन का नाप हो था इस दौरान परिवार के ही लोगों द्वारा आपस में विवाद करते हुए गाली गलौज एवं मारपीट की घटना की गई। आंचल मिश्रा एवं छोटी बहन को आई चोट पर शिकायत एवं मेडिकल पर पुलिस ने बड़े पिता राजेंद्र मिश्रा, चाची मुन्नी बाई एवं चचेरी बहन सपना के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज करते हुए जांच की जा रही है। जमीनी विवाद पर हुए मामले में दूसरे पक्ष के द्वारा भी शिकायत की की गई है।

### एक आदतन अपराधी सतना जिले से जिला बदर

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ.सतीश कुमार एस ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-5 के अंतर्गत जिले के एक आदतन अपराधी को सतना जिले और समीपवर्ती जिलों पन्ना, रीवा,मैहर की राजस्व सीमा से बाहर चले जाने का आदेश दिया है। थाना कोलगवां अंतर्गत कोलगवां मोहल्ला निवासी शिब्बू उर्फ श्रेयांश यादव (उम्र 25 वर्ष) को एक वर्ष की कालावधि तक बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के इन जिलों में प्रवेश न करने का निर्देश दिया गया है। यह कार्रवाई उसके आचरण में सुधार लाने के उद्देश्य से की गई

### आकाशीय बिजली गिरने से बालक सहित छह मवेशियों की मौत

**शहडोल।** जिले के जैतपुर और ब्यौहारी थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने की दो दर्दनाक घटनाएं सामने आईं। जैतपुर के कदौड़ी गांव में एक बालक की मौत, जबकि ब्यौहारी के नगनौडी गांव में छह मवेशियों की जान चली गई। इन घटनाओं से दोनों गांवों में शोक और दहशत का माहौल है। जैतपुर थाना प्रभारी जिया उल हक ने जानकारी दी कि कदौड़ी गांव में बुधवार दोपहर करीब 01 बजे सरजू प्रजापति अपने 12 वर्षीय पुत्र आशीष प्रजापति और अन्य लोगों के साथ खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। उसी दौरान तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी और बालक आशीष उसकी चपेट में आ गया। घटना के समय वह अपने पिता से कुछ दूरी पर था। परिवारजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि आशीष सरजू का इकलौता पुत्र था।

## पंचायत सचिव, सहायक सचिव व मोबिलाईजरों ने संयुक्त रूप से सौंपा ज्ञापन

# ई-अटेंडेंस के खिलाफ पंचायत कर्मियों ने बुलंद की आवाज

**मांगें नहीं माने जाने पर आंदोलन की भी दी चेतावनी**

मध्यप्रदेश पंचायत सचिव सहायक सचिव मोबिलाईजर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले जिले के पंचायतकर्मियों ने ई अटेंडेंस का विरोध करते हुये संयुक्त रूप से कलेक्टर के नाम जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपा।

हरिभुमि न्यूज अनूपपुर।






जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़, कोतमा, अनूपपुर, जैतहरी मे सामूहिक रूप से जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ई-अटेण्डेंस को लेकर ज्ञापन सौंपा गया जिसमें उल्लेख किया गया कि हम फील्ड वर्ग के कर्मचारियों को ई-अटेण्डेंस से मुक्त रखा जाये।

### ज्ञापन में यह रखी मांग

ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि हम सभी कर्मचारी ग्रामों के अंतिम छोर में 24 घंटे वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार विशेष अभियान के तौर पर बरसात, गर्मी या रात्रि की बगैर परवाह किये दिन रात असमय खेत खलिहान टोला मजरा मोहल्ला, घर-घर जाकर कार्य करते है, जिसमें समय की कोई पाबंदी नहीं होती है हम लोगो के कार्य आफीशियल वर्क न होकर सभी कार्य विशेष अभियान और टारगेट बनाकर समय-सीमा में कराया जाता है। जिसमें हमारा जिला प्रदेश अपितु देश में अव्वल रहा है तथा कई बार सम्मानित भी हुआ है।

### विभागीय कार्य के अतिरिक्त भी लिये जाते हैं कार्य

ज्ञापन मे बताया कि हम लोगों से विभागीय कार्य के साथ साथ और भी अतिरिक्त कार्य कराये जाते है जिसमे मनरेगा में सुबह 6 बजे साईड पर लेबर लगाना, आनलाईन हाजरी दर्ज करना, जियो टैग करना, सार्वजनिक विकास कार्य समय सीमा में पूर्ण कराना, प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियो की फोटो जियो टैग करना, जन्म-मृत्यु समग्र ई के वाईसी करना सीएम हेल्प लाईन बन्द कराना, अतिवृष्टि बाढ़ के समय लोगों को जागरूक करना, राजस्व अभियान - खसरा ई-केवाईसी फार्मर रजिस्ट्रेशन, स्वास्थ्य विभाग, आयुष्मान कार्ड, वैक्सीनेशन कोरोना महामारी कार्य, महिला बाल विकास लाडली बहना योजना कुपोषण अभियान, कृषि विभाग प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, शिक्षा विभाग बच्चों का जाति प्रमाण पत्र, दुर्गा पूजा, गणेश विसर्जन एवं होली आदि त्यौहारों पर सौहार्द वातावरण निर्माण करना आदि स्थानीय मेला हाट बाजार व्यवस्था, व्हीआईपी आगमन पर कार्य कराया जाता है जिसमे समय की कोई पाबंदी नही होती है। उपरोक्त कार्य प्रायः सभी आनलाइन होते है जिसे समय सीमा में पूर्ण करना होता है परंतु दूर-दराज के गावों में नेटवर्किंग, बिजली की समस्या बनी रहती है।

### अवकाश के दिनों में भी लिया जाता कार्य

मंत्री, सांसद, विधायक सहित अन्य प्रतिनिधि संगठन के पदाधिकारी आये दिन किसी न किसी कार्य से शासन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर बुलाया जाता है। जिसमें कोई समय सीमा नहीं होती है। इसके साथ ही कोई न कोई कार्य विशेष अभियान चलाकर शासकीय अवकाश के दिनों में जब सभी कार्यालय बंद रहते है जैसे प्रत्येक शनिवार, रविवार को कार्य करने के साथ मीटिंग, प्रशिक्षण आदि आयोजित किया जाता है जिसमे जिला सहित जनपद में बुलाया जाता है।

### सम्भव नहीं ई-अटेण्डेंस लगाना

पंचायत सचिव व रोजगार सहायकों का स्थानांतरण पदस्थापना लगभग 60 से 80 किलो मीटर दूर तक अन्य जनपदों में किया गया है जिस कारण आये दिन कोई न कोई समस्या आती रहती है जिस कारण आये दिन कई साथी दुर्घटना के शिकार हुये है और गम्भीर बिमारीयों से ग्रसित हुये है साथ ही प्रतिदिन सुबह 10 बजे व शाम को 6 बजे जाकर ई-अटेण्डेंस लगाना सम्भव नही है। ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध किया गया कि जो कर्मचारी कार्यालय में बैठकर अपने सेवाएं दे रहें है उनके लिए ई-अटेण्डेंस उपयुक्त है, परंतु फील्ड के कर्मचारियों को ई-अटेण्डेंस से मुक्त रखा जाये। कार्यवाही के अभाव से संयुक्त मोर्चा आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी।

### कोतमा में भी मुखर हुये विरोध के स्वर

ई एटेंडेंस के विरोध में सचिव, रोजगार सहायक और मोबिलाईजर संघ के संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में सचिव संघ के जिला अध्यक्ष गरुड़ सिंह, रोजगार सहायक संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रभान यादव, ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती सुषमा रानी पांडे, रोजगार सहायक के ब्लॉक अध्यक्ष थारेंद्र कुमार चंद्रा, मोबिलाइजर संघ के ब्लॉक अध्यक्ष दीपक पटेल, अंबिका शुक्ला, तुलसी शर्मा, सतानंद शर्मा, नील मिश्रा, राजू सोनी, शारदा पांडे, श्रवण द्विवेदी, राजेश कुमार गुप्ता, अमित गुप्ता, मनोज कुमार जायसवाल, अर्चना सिंह, आरती देवी केवट, अंजनी सिंह के साथ सभी संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित होकर सामूहिक ज्ञापन दिए।

## बाल बाल बचा युवक, ग्रामीणों ने की वन कर्मियों से बहस

# जिले में पहुंचते ही हाथियों का ताण्डव शुरू

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



चार हाथियों को समूह तीन दिनों के मध्य औढरा से गोबरी से जैतहरी नगर हो कर बुधवार की सुबह कुसमहाई के जंगल में पहुंचकर ठहरे हुए हैं। हाथियों के द्वारा तीन दिनों के मध्य 6 ग्रामीणों के मकानो में तोड़फोड़ कर एवं कई किसानो के खेतों में लगी विभिन्न तरह की फसलों को अपना आहार बनाया है विगत रात जैतहरी के लहरपुर,मुर्रा गांव में एक युवक हाथियों के नजदीक जाने से हाथियों के चिंघाडने, दौड़ाने पर बाल बाल बचा वही हाथियों के समूह से कई वर्षों से परेशान ग्रामीणों ने वनविभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ कई घंटे तक हाथियों की समस्या को लेकर बहस करते रहे हैं। ज्ञात हो कि चार हाथियों का समूह जो लगभग 40 दिनों से एक बार फिर छत्तीसगढ़ राज्य से आकर अनूपपुर जिले के साथ डिंडौरी,उमरिया एवं शहडोल जिले में विचरण करने बाद अनूपपुर जिले के बड़हर,किरर से सोमवार की सुबह औढेरा गांव से लगे जंगल में ठहरने बाद शाम/रात होते ही औढेरा से अकुआ से खोलईया, केकरपानी में सुदामा पटेल के खेत में फसल नुकसान कर दुधमनिया, बांका से ठेंगरहा, गोबरी में रात के समय लालजी सिंह, गुड्डा सिंह, गुड्डी बाई के कच्चे मकानो में तोड़फोड़ कर रामप्रसाद एवं यशवंत सिंह के खेतों में फसल, सब्जी खाते मंगलवार की सुबह ग्राम पंचायत एवं ग्राम तथा वन बीट गोबरी के जंगल में ठहरने बाद शाम होते ही जैतहरी-राजेंद्रग्राम मुख्य मार्ग को गोबरी गांव के डियो राड के पास से पार कर गोबरार नाला से तिपान नदी के पुल के पास नत्थू भरिया के खेत में लगे फसल को खाते, नुकसान करते देर रात तिपान नदी पार कर नगर परिषद जैतहरी के वार्ड क्रमांक 4 एवं 15 बंजारी टोला पहुंचकर बंजारीटोला निवासी पाठक के खेत में लगी फसल को नुकसान करते रेलवे लाईन पार कर जैतहरी बस स्टैंड से लहरपुर पंचायत के लहरपुर,मुर्रा के गोडान टोला निवासी जवाहर पनिका,कन्धू पनिका एवं गोपीचंद पनिका के कच्चे मकान में तोड़फोड़ कर मकान के अंदर रखे विभिन्न तरह के खाने की सामग्री को अपना आहार बनाया इस बीच एक युवक के द्वारा हाथियों को भगाए जाने के लिए लाठी लेकर हाथियों के नजदीक जाने पर हाथियों के द्वारा चिंघाड़कर दौड़ाने से भाग कर बाल बाल बचा। इस युवक को वनविभाग एवं पुलिस विभाग की गस्ती दल के साथ जागरूक ग्रामीणों द्वारा भी हाथियों से दूर रहने की बात कहीं रही लेकिन युवक मना करने पर भी नहीं मान रहा था। कई वर्षों से निरंतर हाथियों के आने-जाने विभिन्न तरह के नुकसान करने से परेशान सैकड़ो ग्रामीणों ने कई घंटे तक वनविभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों से बहस करते हुए हाथियों के आवागमन को रोकने के लिए शासन स्तर,जिला स्तर से कोई ठोस उपाय किए जाने की बात कही। इस दौरान हाथियों का समूह धनगवां बीट के कुसुमहाई एवं चोई गांव से लगे जंगल में पहुंचकर ठहरे हुए है हाथियों यह समूह छत्तीसगढ़ राज्य की ओर वापस जाने के इरादे में है। ग्रामीणों द्वारा इसके पूर्व आए हाथियों के समूह द्वारा ग्रामीणों के मकान एवं फसलों के किए गए नुकसान का अब तक मुआवजा नहीं मिल पाने से नाराजगी दिखाई दे रही हैं।

## हरियाली अमावस्या पर आज घरों में होगी कुल देवताओं की पूजा, देशी मुर्गा से सजा रहा बाजार

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।



आज गुरूवार को श्रावण मास की अमास्या के चलते शहर और क्षेत्र के गांवों में लोग हरियाली अमावस्या यानि की हरि जूती के रूप में आस्था पूर्वक मनाया जावेगा। इस तरह हरियाली की शुभ बेला में जहां लोग माँ नर्मदा जी के पावन घाटों पर पहुंच माँ मर्नदा कर माँ नर्मदा में स्नान करते हुए पूजन अर्चन करेगे। वही दूसरी ओर लोग अपने घरों में कुल देवताओं का श्रद्वाभाव से पूजन कर अनेक प्रकार के अनुष्ठान भी करेगे। इस वर्ष बडे ही सौभाग्य की बात है कि काफी लम्बे अंतराल क बाद हरियाली अमावस्या गुरूवार के दिन पड़ रही है जिसके चलते इसका महत्व अलग ही हो गया है। इस तरह आज पड़ रही हरियाली अमावस्या के महत्व को लेकर बताया जाता है कि इस दिन विरह की आग में तप रही माता गौरा को भगवान शिव की प्राप्ति होने की खुशी में महिलाएं मंगल गीतों का गायन करेगी। गौरतलब है कि कुछ समाजो में पूर्वजों के समय से प्रचलित चली आ रही परम्परा के अनुसार मनोकामनाओं की पूर्ति होने पर हरियाली अमावस्या पर लोग पूर्वजो की परम्पराओं को कायम रखते हुए अपने कुलदेवताओं को प्रसन्न करने के लिए मुर्गो की बलि देने का रिवाज होने से मुर्गो की बलि देगे, जिसके चलते कल बुधवार को नगर के बाजार मे देशी मुर्गो की दुकाने सजी हुई देखने मिली तो दूसरी ओर देशी मुर्गा के मनमाने भाव को लोगों को खरीदते हुये देखा गया।

## ओरिएंट पेपर मिल में फिर बड़ा हादसा, मनीष सिंह गंभीर रूप से घायल

**मशीन में फंसा पूरा शरीर, जबलपुर रेफर, प्रबंधन की लापरवाही पर उठे सवाल**

शहडोल।





ओरिएंट पेपर मिल (ओपीएम) में एक बार फिर लापरवाही के चलते बड़ा हादसा हो गया। टिशू-3 विभाग में कार्यरत मनीष सिंह, निवासी ओपीएम पानी टंकी, गंभीर रूप से घायल हो गए जब उनका हाथ मशीन में फंस गया और पूरा शरीर मशीन में खिंचता चला गया। उन्हें तत्काल शहडोल से जबलपुर रेफर किया गया है जहां उनकी स्थिति अत्यंत नाजुक बताई जा रही है। घटना ने एक बार फिर मिल प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है। बताया जा रहा है कि टिशू सेक्शन में सुरक्षा उपकरणों की कमी और मशीनों की नियमित जांच नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ। यह कोई पहली बार नहीं है जब पेपर मिल में किसी कर्मचारी के साथ ऐसा गंभीर हादसा हुआ हो, आये दिन किसी न किसी तरह की दुर्घटना यहां होती रहती है। स्थानीय कर्मचारियों और मिल से जुड़े लोगों में भारी रोष है। उनका कहना है कि प्रबंधन केवल उत्पादन बढ़ाने में रुचि रखता है, जबकि श्रमिकों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। आरोप यह भी है कि मिल प्रबंधन ने फैक्ट्री परिसर में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगा दिया है, ताकि इस तरह की घटनाएं बाहर उजागर न हो सकें और वे अपनी लापरवाही को छुपा सकें।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने इस घटना की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर कब तक मजदूरों की जान यूं ही जोखिम में डालकर उत्पादन चलता रहेगा? क्या मानव जीवन इतना सस्ता हो गया है कि कोई जवाबदेही भी नहीं तय की जाएगी।

## पत्नी को जमीन पर गिराकर पीटा

**कमरे में कैद हुई घटना, बाल पकड़कर घसीटा, रिपोर्ट दर्ज**



**सतना।** चित्रकूट में महिला के साथ घरेलू हिंसा का मामला सामने आया है। घटना का एक वीडियो वायरल हुआ है,जिसमें एक व्यक्ति अपनी पत्नी को जमीन पर गिराकर लात मारते हुए और बाल पकड़कर घसीटते हुए ले जाता हुआ दिख रहा है। यह वीडियो 19 जुलाई का बताया गया है,जो कि घर के अंदर का है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया और जांच शुरू की। फुटेज में दिख रहा व्यक्ति चित्रकूट में दो होटलों का मालिक है। चित्रकूट थाना प्रभारी डीआर शर्मा ने बताया कि महिला या उसके परिवार की ओर से अब तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर धारा 151 के तहत मामला दर्ज किया है। महिला ने पति के खिलाफ कार्रवाई से इनकार किया है। पुलिस ने वीडियो में दिख रहे स्थान की पहचान कर मौके की पुष्टि की है। महिला ने पति के खिलाफ किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया। दोनों का एक पांच साल का बेटा है, जिसे कैंसर है।

## जिले में जन्मा एलियन शक्ल वाला नवजात

# नार्मल डिलीवरी से जन्मा बच्चा, शरीर असामान्य और क्षत-विक्षत, गांधी मेमोरियल अस्पताल में चल रहा इलाज

रीवा।



*जिले के चाकघाट क्षेत्र से एक में प्रसुता ने एक बच्चे को जन्म दिया है, नवजात के जन्म लेते ही जब डॉक्टरों की नजर उस पर पड़ी तो वह हैरत में पड़ गए। क्योंकि अस्पताल में जन्म लेने वाला नवजात कोई साधारण नवजात की तरह नहीं है,नवजात की शक्ल हुबहु एक एलियन की तरह है,परिजनों के मुताबिक चाकघाट अस्पताल में बच्चे की नार्मल डिलेवरी हुई। वह आसमान्य था और उसकी हालत गंभीर है, इसके बाद उसे रीवा के गांधी मेमोरियल अस्पताल के आईसीयू वार्ड में रखा गया, जिसका इलाज किया जा रहा है। बता दे मंगलवार की रात त्योंथर तहसील क्षेत्र स्थित ढकरा सोनौरी गांव की निवासी शांति देवी पटेल की बहू प्रियंका पटेल को प्रसव पीड़ा हुई,जिसके बाद उसे देर रात चाकघाट स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। बुधवार की सुबह बहू की नॉर्मल डिलेवरी हुई. डिलेवरी के बाद मां स्वस्थ थी। लेकिन बच्चा आसमान्य था, उसका शरीर क्षत-विक्षत है, देखने में वह बिल्कुल एक एलियन की तरह है, डॉक्टरों ने नवजात की हालत को गंभीर देखते हुए उसे रीवा गांधी मेमोरियल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, गांधी मेमोरियल अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती नवजात का इलाज अब डॉक्टरों की देखरेख में किया जा रहा है। वही मामला में त्योंथर निवासी शांति देवी पटेल के ने बताया बहू प्रियंका पटेल को प्रसव पीड़ा के बाद मंगलवार की रात चाकघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था,बुधवार सुबह 7 बजे नार्मल डिलेवरी हुई, लेकिन बच्चे का शरीर क्षत-विक्षत है, बच्चे की हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने रीवा रेफर किया है। शांति देवी ने बताया कि बहू की जांच कराने समय-समय पर शासकीय और प्राइवेट अस्पताल गई,जहां अल्ट्रासाउंड के बाद भी डॉक्टरों ने मां और बच्चे को स्वस्थ बताया, जबकि डिलीवरी के बाद बच्चा अस्वस्थ पैदा हुआ।*

## नागपुर ईटारसी और जबलपुर से चलने वाली कई ट्रेनें सिवनी छिन्दवाड़ा से प्रारंभ कराने की मांग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने केन्द्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर नागपुर ईटारसी और जबलपुर से चलने वाली कई पैसेंजर ट्रेन संख्या 18110 इतवारी (टाटा नगर एक्सप्रेस), ट्रेन संख्या 12140 नागपुर मुम्बई (सेवाग्राम), ट्रेन संख्या 15206 जबलपुर-लखनऊ, ट्रेन संख्या 20151 रीवा पुणे(रीवा सुपरफास्ट एक्सप्रेस), ट्रेन संख्या 59396 जबलपुर नागपुर से इन ट्रेनों को सिवनी, छिन्दवाड़ा से प्रारंभ करने के लिए पत्र लिखा है।

उन्होंने पत्र में कहा कि छिन्दवाड़ा और सिवनी के रास्ते इन रेल सेवाओं का विस्तार और मार्ग परिवर्तन करने से न केवल आबादी के एक बडे हिस्से को लाभ होगा, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक विकास और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, इस आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के लिए रेल सम्पर्क में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। रेल मंत्री से उन्होंने आग्रह किया है कि इन प्रस्ताव की व्यवहार्यता की जांच करने के लिए उचित कदम उठाये तथा आगामी रेलवे विकास योजनाओं के तहत इन्हें मंजूरी देने का कष्ट करें। कमलनाथ के मंत्री रहते हुए सड़क, रेल, उद्योग एवं अनेक क्षेत्रों में कई सौगात सिवनी को प्राप्त हुई है कमलनाथ ने हमेशा छिन्दवाड़ा के साथ-साथ सिवनी को भी विकास कार्यो में सहयोग करने के लिए अनेको बार प्रयास किए जिसका लाभ सिवनी की जनता आज भी उठा रही है, सिवनी का दुर्भाग्य ही कहा जाए कि रिकार्ड मतो से जीतने वाले भाजपा के सांसद केन्द्र, राज्य में सत्ता सरकार रहते हुए भी सिवनी जिले के लिए वह विकास कार्य नही करा पाएँ, जिन विकास कार्यो के लिए सिवनी हकदार रहा है, भाजपा के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को कमलनाथ से कुछ सबक लेना चाहिए।

## भाई की हत्या के दोषी को उम्रकैद, सबूत मिटाने की कोशिश पर भी दोष सिद्ध

**अपर सत्र न्यायालय बुढ़ार का फैसला, आरोपी विजय सहीश को कठोर दंड**

**बुढ़ार/धनपुरी।** अपने ही भाई की निर्मम हत्या कर शव को मिट्टी में दफनाने की कोशिश करने वाले आरोपी विजय सहीश को अपर सत्र न्यायालय बुढ़ार ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने उस पर 6,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुशील कुमार अग्रवाल की अदालत ने 22 जुलाई 2025 को सुनाया। आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) एवं 201 (साक्ष्य छिपाना) के तहत दोषी ठहराया गया। अपर लोक अभियोजक आलोक राय ने बताया कि यह मामला थाना बुढ़ार के अपराध क्रमांक 903/2021 से जुड़ा है। घटना 4 दिसंबर 2021 की रात की है। आरोपी विजय सहीश ने अपने सगे बड़े भाई संतोष सहीश की टंगिया (कुल्हाड़ी) से हत्या कर दी थी। मृतक कुछ दिनों के लिए अपने पैतृक घर आया हुआ था। रात के समय पिता दुर्गा सहीश की नींद खुली तो उन्होंने जमीन खोदने की आवाज सुनी। कमरे में जाकर देखा तो विजय हाथ में टंगिया लिए खड़ा था और पास ही संतोष की लाश पड़ी थी। आरोपी शव को दफनाने की कोशिश कर रहा था। जब पिता ने उसे टोका, तो उस पर भी हमला करने की कोशिश की गई। पिता की शिकायत पर तत्काल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल से भौतिक साक्ष्य एकत्र किए, चश्मदीदों के बयान दर्ज किए और वैज्ञानिक परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला मजबूत किया। बाद में अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के दौरान अदालत ने अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य, चिकित्सकीय रिपोर्ट और गवाहों के बयानों का गहन परीक्षण किया। सभी तथ्य यह सिद्ध करने में सक्षम रहे कि आरोपी ने जानबूझकर अपने भाई की हत्या की और फिर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया। अदालत ने इसे गंभीर अपराध मानते हुए आरोपी को दोषी करार दिया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रकरण की प्रभावी पैरवी अपर लोक अभियोजक आलोक राय एवं अशोक सिसोदिया द्वारा की गई। अभियोजन पक्ष यह सिद्ध करने में सफल रहा कि आरोपी ने न सिर्फ हत्या की, बल्कि अपराध को छिपाने की भी योजना बनाई थी।

# स्नान दान, हरियाली अमावस्या आज

## नर्मदा तटों पर लगेगी आस्था की डुबकी

जबलपुर।

सावन के महीनें में वृक्षों को संरक्षित रखने और पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने की भावना के साथ हरियाली अमावस्या मनाने और इस दिन वृक्षारोपण करने की परंपरा है। इस अवसर पर पवित्र नदियों में स्नान और दान भी पुण्य लाभ के लिए किया जाता है। सावन के महीने में पड़ने के कारण इसे हरियाली अमावस्या भी कहा जाता है। हरियाली अमावस्या को लेकर धर्मावलंबियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। पंडितों के अनुसार श्रावण कृष्ण पक्ष में अमावस्या पड़ने के कारण इसे हरियाली अमावस्या भी कहते हैं। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा और नर्मदा का स्नान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। पीपल के पेड़ की 108 बार परिक्रमा करने का भी विधान है। महिलाएं इस दिन पूरी आस्था के साथ स्नान दान व्रत रखती है। मान्यतानुसार पीपल के वृक्ष में 36 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। अमावस्या पर पूजन से सभी मन्नतें पूरी होती हैं।



### क्या है महत्व.

हरियाली अमावस्या का पुराणों में विशेष महात्म्य बतलाया गया है। हरियाली अमावस्या भी स्नान दान का पर्व है। पंडित पीएल गौतमाचार्य का कहना है कि सावन माह में हरियाली अमावस्या विशेष पुण्यकारी मानी जाती है। इस दिन स्नान तथा दीन-हीन, असहाय लोगों को दान देने से साधकों को पितृ दोष, कालसर्प दोष और शनि दोष से मुक्ति मिलती है। इस दिन व्रत रहकर स्नान-दान करने से सन्तान को सुख एवं परिवार में शांति व समृद्धि बनी रहती है। स्त्रियों को वैधव्य नहीं होता और चिरकाल तक सौभाग्य मिलता रहता है। अमावस्या पितृकार्य का दिन है और चन्द्रलोक ही पितृलोक का निवास स्थान है।




# राजकुमारी बाई बाल निकेतन के चुनाव संपन्न

**एम.एम. नेमा अध्यक्ष एवं एस.एस. माहेश्वरी सचिव बने**

जबलपुर।

संस्कारधानी की 105 वर्ष पुरानी प्रतिष्ठित संस्था राजकुमारी बाई बाल निकेतन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव संस्थान में पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. अनिल धगट चुनाव अधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुये। अध्यक्ष एडवोकेट मदनमोहन नेमा, उपाध्यक्ष पं. रोहित दुबे, उपाध्यक्ष संतोष भाई पटैल, सचिव श्यामसुन्दर माहेश्वरी, सहसचिव राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सी.ए. प्रद्युम्न गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य गिरिराज चाचा, रवि मिश्रा, हरिवल्लभ जेठा, डॉ. सुनील देशपांडे, भरत अग्रहरि, श्रीमती मधु सुरजन, श्रीमती विमला खरे, हरीश रीझवानी, सुभाष अग्रवाल, वी.पी. दुबे, यशवंत सेंगर, सहयोजित सदस्य- प्रकाश सादानी, श्रीमती किरण, के. सी. अग्रवाल, संस्थापक प्रतिनिधि- आदित्य माहेश्वरी को पदभार सौंपा गया।

# अखिल दिगंबर भारतवर्षीय महिला द्वारा लगाया गया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

जबलपुर।

शासनो उदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र जैन बड़ा मंदिर हनुमानतल ट्रस्ट कमेटी के सहयोग से अखिल दिगंबर भारतवर्षीय महिला परिषद सुंदरी संभाग मुनिसुब्रत नाथ शाखा के अंतर्गत गैलेक्सी हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें थायराइड, शुगर ,ईसीजी ,हृदय रोग ,डेंगू के लक्षण, कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण आदि की निशुल्क जांच की गई हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अखिलेश दुबे एवं एवं उनकी टीम डॉ प्राची गुप्ता मिथुन सेन, डॉ सचिन साहू,संदीप दुबे,रितेश स्वामी, द्वारा विभिन्न प्रकार की जाति की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत सभा अध्यक्ष कैलाश चंद जैन हनुमान ताल ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र जैन, योगेंद्र, आजाद, पदम जैन, राकेश जैन, संभागीय अध्यक्ष श्रीमती मौली जैन ,संभागीय सचिव श्रीमती स्वाति जैन, विशिष्ट अधिकारी श्रीमती मिश्री जैन, अध्यक्ष शाखा श्रीमती नेहा जैन, सचिव निधि जैन ,कोषाध्यक्ष आस्था जैन ,के सानिध्य में निशुल्क स्वास्थ्य लगाया गया जिसमें 254 मरीज लाभान्वित हुए सहयोग के रूप में श्रीमती फूलबाई ,संध्या, सरिता, कीर्ति, आरती, शिल्पी, नीता, राजुल, अवनी, आकांक्षा, वर्षा, रानी आदि बहनों की उपस्थिति रही।



# पमरे के रूपेश सिंह बने भारतीय फुटबॉल टीम के चयनकर्ता

**जबलपुर।** पूर्व अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी एवं वर्तमान में बी लाइसेंस फुटबॉल कोच रूपेश सिंह को ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के द्वारा जूनियर बालक नेशनल फुटबॉल चैम्पियनशिप बीसी राव ट्रॉफी बालाघाट मध्यप्रदेश में 26 जुलाई से 05 अगस्त तक आयोजित चैम्पियनशिप में भारतीय टीम का चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। विगत वर्ष भी रूपेश सिंह को सब जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता जो नीमच मप्र में आयोजित हुई थी में भी भारतीय टीम का चयनकर्ता बनाया गया था। रूपेश सिंह के पिछले वर्ष के प्रदर्शन के आधार पर इस वर्ष जूनियर बालक नेशनल फुटबॉल चैम्पियनशिप बीसी राव ट्रॉफी बालाघाट मप्र में रूपेश सिंह कार्यालय अधीक्षक प्रमुचिनि को भारतीय फुटबॉल टीम का चयनकर्ता बनाया गया है। रूपेश सिंह की इस उपलब्धि पर शोभना बंदोपाध्याय महाप्रबंधक पमरे, कुशाल सिंह अध्यक्ष, महासचिव पमरे खेलकूद संघ, जीपी शिव नारायण महासचिव पमरे खेलकूद संघ, डॉ. श्यामसुंदर प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक, डॉ. बीसीएस राव, सीएचडी, डॉ. आशुतोष गर्ग, डॉ. सीमा मेहरा अमुचिनि, अमित रंजन देब सचिव मप्र फुटबॉल संघ, मधु यादव अर्जुन अवार्डी, विशाल बन्ने, प्रशांत मिश्र, एसडब्ल्यू नकवी, अरुन यादव, सुनील यादव, राकेश श्रीवास, पवन पटेल, अशोक रजक, हमीद खान द्वारा आशीर्वाद एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई।



# निशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**जबलपुर।** जन कल्याण न्यास द्वारा आयोजित निशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन लिज बयूटी पार्लर, रांझी में सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का नेतृत्व अनुभवी इंटरनेशनल ब्यूटीशियन श्रीमती रीना सिंह बघेल द्वारा किया गया, जिन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु सौंदर्य कला का प्रशिक्षण प्रदान करेगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जेल उप अधीक्षक श्रीमती रुपाली मिश्रा रही तथा सहायक जेल अधीक्षक श्रीमती अंजू मिश्रा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होकर महिलाओं का मार्गदर्शन किया। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में उन्होंने कहा कि “महिलाओं को सदैव समाज की उन्नति में भागीदार बनते हुए, आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।”

कार्यक्रम का सफल संचालन एडवोकेट श्रीमती सीमा साहू जी द्वारा किया गया। उन्होंने महिलाओं को उनके जीवन जीने के अधिकार, आत्मसम्मान और स्वावलंबन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि “जीवन में हर पहलू जरूरी होता है – शिक्षा, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास।”इस अवसर पर श्रीमती शिप्रा गुप्ता, स्नेहा जी एवं पुष्पांजलि द्विवेदीजी की गरिमामय उपस्थिति रही।





## श्री अयोध्यावासी महिला मंडल का “आया सावन झूमकर” कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।** संस्कारधानी श्री अयोध्यावासी महिला मंडल का “आया सावन झूमकर” कार्यक्रम सदर स्थित जे.के. सेलिब्रेशन में संपन्न हुआ। महिला मंडल की कार्यक्रम आयोजक अपर्णा गुप्ता और भावना गुप्ता द्वारा बताया गया कि इस वर्ष हमने अपने कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें बेस्ट दुल्हन प्रतियोगिता, बेस्ट सारी स्टाइल और बेस्ट झूला सजावट प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें समाज की महिलाओं द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया और सावन का त्यौहार मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान सावन की रानी बनाई गईं जिनमें बेस्ट दुल्हन रस्मी गुप्ता, बेस्ट सारी स्टाइलिश कीर्ति गुप्ता, बेस्ट झूला सजावट रोमा गुप्ता रहीं। आयोजक अपर्णा गुप्ता और भावना ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उनकी टीम के विशेष सहयोगी भावना, शैलजा, पूर्णिमा, निधि, सपना, आभा, नीतू, प्रदीप्त, सारिका, ऐनी, सुधा, विमला, आरती, श्वेता, संजय, कमलेश, संदीप, नीरज मदन महल, राकेश गुप्ता पोलीपाथर का योगदान रहा।

## कायस्थ महासभा ने गायक स्व. मुकेशचंद्र माथुर की जयंती मनाई



**जबलपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा कायस्थ शिरोमणि प्रसिद्ध गायक स्व. मुकेशचंद्र माथुर की स्मृति में दत्त मंदिर में मुकेश-द वॉइस ऑफ़ जनरेशन कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष प्रणीत वर्मा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में कैंट विधायक अशोक रोहाणी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर साथी भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, निगम अध्यक्ष रिंकुंज विज, गायक-राघवेंद्र श्रीवास्तव, प्रिया श्रीवास्तव, रतना श्रीवास्तव, सहेन्द श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, राजेन्द्र व्यौहार, अखिलेश व्यौहार, आदर्श श्रीवास्तव, शशि खरे, सीपी श्रीवास्तव, अनिल सक्सेना, गणेश प्यासा, सरोज खरे, ज्योति खरे, सचिन खरे, अर्चना वर्मा, अर्चना श्रीवास्तव, नीरज वर्मा, अजीत श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# पेंशनर्स ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसियेशन के तत्वावधान में विभिन्न संघों के पदाधिकारियों ने घंटाघर ओमती में उपस्थित होकर अपनी लंबित चार सूत्रीय मांगों के लिए विशाल प्रदर्शन कर शासन के प्रति गंभीर आक्रोश व्यक्त किया तथा अपना मांगपत्र राज्यपाल के नाम कलेक्टर जबलपुर के सक्षम अधिकारी राजेश मिश्रा प्रोटोकाल अधिकारी को सौंपकर संबंधित मांगों का ज्ञापन यथाशीघ्र राज्यपाल को भेजने जाने का आग्रह किया। इस अवसर पर एचपी उरमलिया, शेषमणि पांडे, एमएम चौकसे, मोहन अग्रवाल, गौरीशंकर पांडे, आरके श्रीवास्तव, आरपी चौबे, डॉ. आरके चतुर्वेदी, डॉ. एसके सिंह, केसी अवस्थी, श्रवण कुमार श्रोति, एके शुक्ला, एसपी शुक्ला, चुन्नीलाल तानवेश, एसके श्रीवास्तव, सीबी दुबे, नरेश तिवारी, जीपी सराठे, बीएसपी गौर, आरएस सक्सेना, विजय चौकसे, सीएस राठौर सहित अन्य पेंशनर्स उपस्थित रहे।



# पमरे के शुभम कुमार राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित

**जबलपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स पश्चिम मध्य रेल जबलपुर मंडल शुभम कुमार कुशवाहा की उत्कृष्ट उपलब्धि पर गर्व करता है कि उन्हें प्रतिष्ठित राष्ट्रपति रोवर पुरस्कार के लिए चुना गया है। 22 जुलाई 2025 को नई दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित राष्ट्रपति भवन में वे उस भव्य समारोह के गौरवशाली क्षण के साक्षी हुए जहां भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने यह विशिष्ट सम्मान (राष्ट्रपति रोवर पुरस्कार) प्रदान किया। शुभम कुमार कुशवाहा की इस उपलब्धि पर मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा और सुनील टेलर अपर मंडल रेल प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा ने बधाई दी। इस अवसर पर मंडल से शचीपति नंदन, अनिल चौबे, संजीव तिवारी, विमलेश तिवारी, राहुल कश्यप के द्वारा शुभकामनाएं दी गईं ताकि वे भविष्य में बड़े मुकाम प्राप्त करें।



# कृषि आदान की लाईसेंसिग पर एक दिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण

जबलपुर।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के बिजनिस प्लानिंग एण्ड डेवलपमेंट यूनिट, कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान, जनेकृविवि द्वारा आदान की डीलरशिप/लाईसेंसिग, ऑनलाईन मार्केटिंग एवं कीटनाशक की लाईसेंसिग प्रक्रिया विषय पर एक दिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 28 युवा कृषकों ने भाग लिया। कीटनाशक, बीज एवं उर्वरक आदि की लाईसेंसिंग एवं आवेदन की प्रक्रिया और नियम पर रवि आम्रवंशी, सहायक संचालक कृषि, जबलपुर द्वारा प्रशिक्षार्थियों को विस्तृत जानकारी साझा की। इसी श्रृंखला में किसान उत्पादक संगठन हेतु कृषि व्यवसाय पर डॉ. दीपक पाल, सहा. प्राध्यापक, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, भटिंड़ा द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रशिक्षाणार्थियों द्वारा जिज्ञासा भरे अनेक प्रश्नों के उत्तर दोनों विशेषज्ञों द्वारा बड़ी ही सरलता से दिये गये। जिससे प्रशिक्षाणार्थी संतुष्ट रहे।

ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित करने हेतु डॉ. जी.के. कौतु, संचालक अनुसंधान सेवाऐं, जनेकृविवि द्वारा प्रेरित किया गया।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 23/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति एकता सेकसरिया पति श्री सौरभ सेकसरिया ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक शिवार्थ एलेजा तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1003074127 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 2700 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 730 वर्गफुट प्रथम तल 1696 वर्गफुट RCC, द्वितीय तल 1445 वर्गफुट RCC विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री नारायण दास मनवानी पिता श्री शम्भूलाल मनवानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 23/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नीरज शंकरलाल खण्डेलवाल पिता श्री शंकरलाल खण्डेलवाल ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 15 नमामि वैली सम्पत्ति के पिन क्रमांक 2000006175 जिस पर निर्मित भूतल 800 वर्गफुट RCC विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री अर्जुन दास मूलचंदानी पिता श्री घनश्याम दास का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 23/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अशोक नायडू पिता श्री दुर्गा प्रसाद नायडू ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्रगति नगर यहोवा चर्च के सामने सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000381801 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 701 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 474 वर्गफुट RCC, प्रथमतल 474 वर्गफुट RCC विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति कलावती ठाकुर पति स्व. श्री बी. पी. सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगरनिगम, जबलपुरमेंप्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र./1151/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 10/07/25

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति किरण गौर पति स्व. श्री महेश शरण निवासी वासु डेरी के पास एसवीआई डबल स्टोरी कॉलोनी के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर नजूल ब्लॉक नंबर- प्लाट नंबर- स्थित भूमि खसरा नंबर 226 में से रकवा 1200 वर्गफुट भूमि पर शासकीय अभिलेख में मेसर्स लक्ष्मी कालोनाइजर्स दर्ज है आवेदिका के पति की मृत्यु हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 25/07/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चत प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 10/07/25, पेशी दिनांक 25/07/25
तहसीलदार
मुद्रा अधारताल, जबलपुर

**CHANGE OF NAME**

I. Rajesh Mamtani (राजेश ममतानी), working on the post of "Secretary to Hon'ble Judge" in M.P. High Court, Principal Seat at Jabalpur (MP), do hereby state that in my service book/service records is being used and mentioned as my name "Rajesh T. Mamtani (राजेश टी. ममतानी)".But, in all other documents like Adhaar Card, Samagra Id., PAN Card, Driving Licence, Passport, etc, my name is mentioned as "Rajesh Mamtani (राजेश ममतानी)" son of Shri T. P. Mamtani. Hence, my correct and real name Rajesh Mamtani (राजेश ममतानी) son of Shri T. P. Mamtani be mentioned and recorded in my all government service other records including service book.

Old Name - Rajesh T. Mamtani ( राजेश टी. ममतानी )
Correct Name
Rajesh Mamtani ( राजेश ममतानी )

**जन्मतिथि सुधार सूचना**

मै जावेद अंसारी पिता अबुल कासिम अंसारी निवासी 105 रामनगर कॉलोनी आधारताल तहसील जबलपुर व जिला–जबलपुर का निवासी हूं। यह कि मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरी जन्म तारीख श्रुटिवश गलत दर्ज हो गई है। जब कि मेरी सही जन्म तारीख 09 जुलाई 1983 (09.07.1983) है। जो कि मेरे सभी दस्तावेज जैसे– अंकसूची, आधार कॉर्ड, पेन कॉर्ड, परिचय पत्र, अन्य सभी दस्तावेज में दर्ज है, जो कि मेरे निजी ज्ञान व विश्वास से सत्य व सही है।

शपथकर्ता

**नाम एवं जन्म तारीख सुधार सूचना**

मैं, गोपाल सिंह पिता गुल्लू सिंह उम्र करीब 61 वर्ष निवासी-म.नं. 3343/1 सुभाष वार्ड, कटरा, अधारताल जबलपुर (म.प्र.) शपथ पूर्वक निम्नांकित कथन करता हूं कि :-1. यह कि, मैं उपरोक्त लिखे पते पर स्थाई रूप से निवास करता हूं। मैं आर्मी से सेवा निवृत्त हूं। मेरा सर्विस नं. 14489450-N है। मेरी डिस्चार्ज बुक में त्रुटिवश मेरी पत्नी का नाम विनीता सिंह (Vinita Singh) की जगह केवल विनीता (Vinita) लिखा है और जन्म तारीख 12.12.1975 की जगह 12.12.1974 लिखी है। मेरी पत्नी का आधार कार्ड नं. 5019 4450 4670 है, जिसमें उनका नाम विनीता सिंह (Vinita Singh) व जन्म तारीख 12.12.1975 है। मेरी पत्नी का पेन कार्ड नं. HZZP55914N है जिसमें उसका नाम विनीता सिंह (Vinita Singh) लिखा हुआ है। 2. यह कि, मेरे डिस्चार्ज बुक में मेरी पत्नी का नाम विनीता (Vinita) व जन्म तारीख 12.12.1974 के स्थान पर सही नाम विनीता सिंह (Vinita Singh) व जन्म तारीख 12.12.1975 दर्ज किया जावे।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 23/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति दुर्गा मेहतो पति श्री रिंकू मेहतो, श्रीमति काजल मेहतो पति श्री वीरू मेहतो ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक म.नं. 1366/अ शास. मा.शाला के सामने सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000383492 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1500 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 1000 वर्गफुट RCC अनुबंधित विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री सुरेश कुमार महात्मा पिता स्व. श्री कल्लू महात्मा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 23/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति रेनू श्रीवास्तव पति श्री अजय श्रीवास्तव ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 13 नमामि वैली सम्पत्ति के पिन क्रमांक 2000010188 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 800 वर्गफुट खाली भूखण्ड जिस पर निर्मित भूतल 700 वर्गफुट, प्रथमतल 600 वर्गफुट RCC, द्वितीय तल 100RCC वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री अर्जुन दास मूलचंदानी पिता श्री घनश्याम दास का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**